हरिभूमि

# कोरिया भूमि

तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री

बिलासपुर, शुक्रवार 22 अगस्त 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

2 25 वर्षों में छग ने छुए अनेक आयाम, नए संकल्पों के साथ बढ़ना है आगे




## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th / 12th / स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कमर्चारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कागी हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक - गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)** Advt.





श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

### समर्थन देने पहुंचे पूर्व विधायक गुलाब कमरो

# एनएचएम कर्मियों की हड़ताल से स्वास्थ्य व्यवस्था प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

छग प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ की 10 सूत्रीय मांगों को लेकर चल रहे प्रदेशव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल को गुरूवार को नया बल मिला। भरतपुर-सोनहत के पूर्व विधायक गुलाब कमरो हड़ताल स्थल पर पहुंचे और कर्मचारियों की मांगों का खुलकर समर्थन किया। उनके साथ वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रामनरेश पटेल भी मौजूद रहे।



समर्थन देने पहुंचे पूर्व विधायक गुलाब कमरो।

एनएचएम कर्मचारी लंबे समय से अपनी समस्याओं को लेकर आंदोलनरत हैं। उनका कहना है कि जब तक सरकार उनकी सभी मांगों को स्वीकार नहीं करती, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। कर्मचारियों की 10 सूत्रीय मांगों में प्रमुख रूप से नियमितीकरण, समान कार्य समान वेतन, सेवा सुरक्षा, वरिष्ठता का लाभ, अवकाश व मातृत्व सुविधा, सेवा नियमावली, संविदा भर्ती पर रोक, सातवें वेतनमान का लाभ, सामाजिक सुरक्षा (बीमा-पेंशन) और समय पर वेतन भुगतान शामिल हैं। हड़ताल स्थल पर पहुंचकर पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने कहा कि एनएचएम कर्मचारी प्रदेश की रीढ़ हैं।

ग्रामीण इलाकों से लेकर शहर तक स्वास्थ्य सेवाएं इन्हीं के भरोसे चल रही हैं। इनकी जायज मांगों को सरकार को तुरंत स्वीकार करना चाहिए। जब तक कर्मचारियों को न्याय नहीं मिलता, हम इनके साथ खड़े रहेंगे। वहीं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रामनरेश पटेल ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा से जुड़े कर्मियों को हड़ताल पर बैठना पड़े, ⏭ शेष पेज 4 पर

# अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बैकुंठपुर के वैद्यराज शुक्ला सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ रायपुर में 19 अगस्त को किया गया सम्मान

अखिल भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा परिषद राजघाट नई दिल्ली, अंतरराष्ट्रीय नेचुरोपैथी चिकित्सा ऑर्गनाइजेशन तथा आयुष मंत्रालय दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में 6 से 21 जून तक योग रथ के माध्यम से पूरे बैकुंठपुर व कोरिया जिले के गांव-गांव तथा वनांचल क्षेत्रों में योग, प्राकृतिक चिकित्सा एवं आयुर्वेदिक वनस्पतियों के प्रचार-प्रसार का अभियान चलाया गया।

इस सराहनीय कार्य की उपलब्धि पर 21 से 23 जुलाई तक प्रगति मैदान दिल्ली में आयोजित आरोग्य संवाद कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय नेचुरोपैथी ऑर्गनाइजेशन के अध्यक्ष आनंद बिरादर, आयुष मंत्रालय दिल्ली के सचिव श्री श्रीवास्तव एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा बैकुंठपुर के वैद्यराज पंडित अरूण कुमार शुक्ला को सम्मानित किया गया। इसीक्रम में 19 अगस्त को रायपुर स्थित बृंदावन हाल, सिविल लाइन में आयोजित विशेष कार्यक्रम में योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा, डॉ. छगनलाल सोनवानी व अन्य सदस्यों द्वारा भी वैद्यराज पंडित अरुण कुमार शुक्ला को सम्मान प्रदान किया गया। उनके इस योगदान से छग ही नहीं बल्कि पूरे देश में योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा केक्षेत्र में एक नई दिशा प्राप्त हुई है।



सम्मानित होते वैद्यराज अरुण कुमार शुक्ला

## खबर संक्षेप

### प्रधान जिला न्यायाधीश तिवारी ने ली बैठक

**बैकुण्ठपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 सितंबर को किया जाएगा। इस लोक अदालत में न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण सौहार्दपूर्ण माहौल में किया जाएगा। लोक अदालत में आपराधिक, दीवानी, मोटर दावा दुर्घटना अधिकरण, बैंक एवं बिजली संबंधी मामले, निष्पादन, पारिवारिक प्रकरण तथा बैंक से जुड़े वे मामले भी रखे जाएंगे जो अभी न्यायालय में पेश नहीं हुए हैं। इसी कड़ी में गुरूवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शैलेश कुमार तिवारी ने अधिवक्ता संघ के साथ बैठक आयोजित की। बैठक में अधिवक्ताओं से सुझाव भी आमंत्रित किए गए। बैठक में जिला न्यायाधीश एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश समीर कुजूर, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती साक्षी दीक्षित, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी श्रीमती प्रेरणा अहिरे, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती अमृता दिनेश मिश्रा सहित अधिवक्ता संघ के सचिव मृत्युंजय तिवारी, वरिष्ठ अधिवक्ता आशीष गुप्ता, लीगल डिफेंस कौंसिल के चीफ अजय सिंह, पदाधिकारी एवं अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

### जिले को मिली 3 सदनों के निर्माण की स्वीकृति

**मनेन्द्रगढ़।** प्रदेश के प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा आपसी समरसता स्थापित करने, सामायिक कार्यक्रमों में सामूहिक भागीदारी तथा महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से महतारी सदन का निर्माण कार्य किया जाना है। शुरूआती चरण में राज्य सरकार ने 166 महतारी सदन के निर्माण की अनुमति प्रदान कर दी है। शुरूआती चरण में 166 में से तीन महतारी सदन मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के लिए भी स्वीकृत किए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार जिले के दुग्गी, कटकोना और ठग्गांव ग्राम पंचायत में महतारी सदन के निर्माण की स्वीकृति मिली है। प्रत्येक महतारी सदन के लिए 30-30 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से जारी आदेश के अनुसार प्रत्येक महतारी सदन 2500 वर्गफुट में बनेगा। इसमें कमरा, बरामदा, हाल, किचन, स्टोर रूम, पेयजल के लिए ट्यूबवेल और सामुदायिक शौचालय जैसी सुविधाएं होंगी। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने मनेन्द्रगढ़ की तीन ग्राम पंचायतों को पहले चरण में महतारी सदन की स्वीकृति देने के लिए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का आभार प्रकट किया है।

### बैंक खातों में आधार लिंक्ड कराना अनिवार्य

**बैकुण्ठपुर।** छग शासन ने खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के दौरान धान विक्रय की राशि सीधे किसानों के आधार लिंक्ड बैंक खातों में ट्रांसफर करने का फैसला गया लिया है, कोरिया जिले को राज्य में मॉडल जिले के रूप में चयनित किया गया है। समितियों के द्वारा धान बेचने वाले पंजीकृत किसानों से आधार लिंक कराने के लिए सहमति पत्र प्राप्त किए जा रहा हैं। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में जिले में पंजीकृत किसानों की संख्या 23,117 है, इनमें से धान विक्रय करने वाले किसानों की संख्या 20,316 तथा आधार से लिंक खातों की संख्या 1,873 और आधार लिंक किए जाने वाले खातों की संख्या 18,443 है। सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने किसानों से अपील करते हुए कहा है कि अपने संबंधित समिति या जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखा में बैंक खातों का आधार से लिंक कराना सुनिश्चित करें।

# कोटपा के तहत बड़ी चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

■ वसूली 1850 रूपए

कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे के मार्गदर्शन में राष्टीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जिले में सघन प्रवर्तन अभियान चलाया गया।

इस अभियान के तहत ब्लॉक मनेन्द्रगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनेन्द्रगढ़, जिला न्यायालय परिसर, स्कूल, तहसील कार्यालय परिसर और खोंगापानी क्षेत्र के किराना दुकानों, चाय-पान ठेलों, गुमठियों एवं अन्य प्रतिष्ठानों पर सिगरेट एवं तंबाकू उत्पाद अधिनियम (कोटपा 2003) का उल्लंघन पाए जाने पर चालानी कार्रवाई की गई। तहसीलदार सुश्री श्रुति धुर्वे के नेतृत्व में गठित जिला प्रवर्तन दल में राजस्व विभाग से माल जमादार बलवंत सिंह यादव एवं अन्य कर्मचारी, खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग से वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता, औषधि निरीक्षक आलोक मिंज एवं विकास लकड़ा, स्वास्थ्य विभाग से सुश्री लक्ष्मी रजक तथा पुलिस विभाग से हेमंत सिंह शामिल थे। इस संयुक्त टीम ने जांच के ⏭ शेष पेज 4 पर



# मनेन्द्रगढ़ में बनेगा 220 बिस्तर का आधुनिक अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़



छग की भाजपा सरकार ने स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के मनेन्द्रगढ़ में 220 बिस्तर के नए अस्पताल के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की है। इस परियोजना पर 35 करोड़ 36 लाख 52 हजार रूपए व्यय किए जाएंगे।

वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट प्रावधान से इस राशि को मंजूरी दी गई है। आदेश जारी करते हुए लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने स्पष्ट किया कि अस्पताल भवन निर्माण को प्राथमिकता में रखते हुए शीघ्र कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि मनेन्द्रगढ़ लंबे समय तक स्वास्थ्य सुविधाओं की दृष्टि से उपेक्षित रहा है। जब प्रदेश में भाजपा की सरकार रही, तब यहां स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ किया गया, लेकिन कांग्रेस शासनकाल में फिर से मनेन्द्रगढ़ की अनदेखी हुई। भाजपा सरकार की संवेदनशीलता और संकल्प का ही परिणाम है कि अब यहां 220 बिस्तर का बड़ा अस्पताल बनने जा रहा है। हमारी सरकार ने ठाना है कि प्रदेश के किसी भी हिस्से को उपेक्षित नहीं रहने दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का उद्देश्य केवल घोषणाएं करना नहीं, बल्कि धरातल पर काम करके जनता को राहत पहुंचाना है। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में बनने वाला यह अस्पताल भाजपा सरकार की ⏭ शेष पेज 4 पर

**भाजपा सरकार के 18 महीने बनाम कांग्रेस सरकार के 5 साल**

**भाजपा सरकार- (2023 से अब तक 18 महीने)**

नया रायपुर में 700 बिस्तर का एकीकृत अस्पताल स्वीकृत, मनेन्द्रगढ़ में 220 बिस्तर का नया अस्पताल स्वीकृत।

- बस्तर और सरगुजा में सुपर स्पेशलिटी सेवाओं का विस्तार।
- 100 से अधिक स्वास्थ्य केन्द्र का उन्नयन।
- सिकल सेल, कैंसर और मातृ-शिशु स्वास्थ्य पर विशेष योजनाएं लागू।

**कांग्रेस सरकार- (2018-2023 पूरे 5 साल)**

- कोई नया मेडिकल कॉलेज शुरू नहीं
- बड़े अस्पतालों का निर्माण कार्य ठप।
- मनेन्द्रगढ़ समेत कई पिछड़े क्षेत्रों की अनदेखी।
- स्वास्थ्य ढांचे के विस्तार पर ठोस कार्य नदारद। भाजपा सरकार ने मात्र 18 महीनों में वह काम कर दिया है, जो कांग्रेस पूरे पांच सालों में नहीं कर पाई।

# साइबर सुरक्षा और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

■ रजत जयंती महोत्सव एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना

**मनेन्द्रगढ़।** छग रजत जयंती महोत्सव की श्रृंखला और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत आज मिडिल स्कूल चनवारीडांड में बालिकाओं के लिए विशेष जागरूकता एवं प्रतियोगिता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

यह आयोजन कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार खाती के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन जिला मिशन समन्वयक श्रीमती तारा कुशवाहा मिशन शक्ति (हब) द्वारा किया गया। आयोजन का प्रमुख उद्देश्य बालिकाओं को साइबर सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराना और उन्हें डिजिटल युग में सुरक्षित बनाए रखने के लिए आवश्यक कौशल और जागरूकता से सशक्त करना रहा। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने छात्राओं को साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन ठगी तथा सोशल मीडिया से संबंधित संभावित खतरों और उनके बचाव के उपायों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही उन्हें आपातकालीन सेवाओं जैसे 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन सेवा और 1930 साइबर फ्रॉड शिकायत हेल्पलाइन के बारे में भी अवगत कराया गया।

बालिकाओं को बताया गया कि इन सेवाओं का उपयोग किसी भी आपात स्थिति में किया जा सकता है और ये नंबर उनके लिए त्वरित एवं प्रभावी सहायता का माध्यम हैं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण साइबर सुरक्षा पर निबंध प्रतियोगिता रहा। छात्राओं ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया ⏭ शेष पेज 4 पर



# डंफर की चपेट में आकर कालरी कर्मचारी की मौत

**बिजुरी।** मप्र के अनूपपुर जिला अंतर्गत कोयलांचल बिजुरी में गुरूवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में बहेराबांध भूमिगत कालरी में कार्यरत 55 वर्षीय एडीएम ऑपरेटर दारा सिंह का डंफर की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब मृतक कॉलरी कर्मी अपनी ड्यूटी पूरी कर घर लौट रहे थे।

घटना के संबंध में सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कॉलरी कर्मी दारा सिंह उम्र 55 वर्ष घटना दिवस 21 अगस्त को अपनी रात की शिफ्ट खत्म कर सुबह लगभग 7 बजे अपनी मोटरसाइकिल से घर जा रहे थे। इसी दौरान कालरी से कुछ ही दूरी पर, सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रेलर डंफर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी गंभीर थी कि दारा सिंह वाहन सहित डंपर में फंस गए और मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद डंफर अनियंत्रित होकर पलट गया और आरोपी डंफर चालक मौके से फरार हो गया। इस हृदय विदारक घटना की खबर मिलते ही, स्थानीय लोगों ने तत्काल बिजुरी पुलिस और कालरी प्रबंधन को सूचित किया। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को निकाला और पीएम के लिए बिजुरी शासकीय अस्पताल भेज दिया।



### लोगों में आक्रोश

घटना को लेकर प्रत्यक्षदर्शियों कहना है कि दुर्घटना कारित डंफर खेड़िया कंस्ट्रक्शन कंपनी का है, जो क्षेत्र में एक प्रभावशाली व्यवसायी समूह है। लोगों में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है कि इस कंपनी के कर्मचारी और ड्राइवर अक्सर लापरवाही से वाहन चलाते हैं। उनका आरोप है कि यह घटना भी उसी तरह की लापरवाही का परिणाम है। स्थानीय नागरिक प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। फिलहाल बिजुरी पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और डंफर के फरार चालक की तलाश में जुटी हुई है।

### कोरिया जिले के 154 ग्राम होंगे लाभान्वित

# जनजातीय अंचल में नई ऊर्जा भरेगा आदि कर्मयोगी अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जनजातीय समाज की बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति और योजनाओं की शत-प्रतिशत पहुंच सुनिश्चित करने प्रदेश सरकार ने आदि कर्मयोगी अभियान शुरू किया है।

इसी सिलसिले में छग शासन के आदिम जाति विकास, अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने गुरूवार को मंत्रालय स्थित सभाकक्ष से 28 जिलों के कलेक्टर्स की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक लेकर अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। प्रमुख सचिव ने बताया कि प्रदेश के 128 विकासखंडों और 6650 आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में इस अभियान का संचालन किया जाएगा। लक्ष्य है कि इन ग्रामों में जो भी क्रिटिकल गैप है, उन्हें जिला स्तर पर आदि कर्मयोगी, ब्लॉक स्तर पर आदि सहयोगी और ग्राम स्तर पर आदि साथी की मदद से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि इस अभियान के लिए प्रदेशभर में 1.33 लाख वॉलंटियर तैयार किए जा रहे हैं, जो जमीनी स्तर पर जनजातीय समाज के बीच जाकर योजनाओं की सफलता सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 6 अगस्त को राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में अभियान की दिशा तय करते हुए इसे 16 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार कोरिया जिले के 154 ग्रामों में यह अभियान संचालित किया जाएगा। यहां के जनजातीय परिवारों को आवास, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार जैसी बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ सरकार की 25 योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। अभियान को केयर इंडिया और स्वामी विवेकानंद एनजीओ के सहयोग से गति दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि जिले में विजन डॉक्यूमेंट 2030 के अनुरूप एक्शन प्लान तैयार किया गया है। इसके तहत अगले पांच वर्षों में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कौशल विकास, सामाजिक सुरक्षा, पर्यावरण, शुद्ध पेयजल, अधोसंरचना, डिजिटल सेवाओं, कृषि और मत्स्य पालन जैसे क्षेत्रों में चरणबद्ध कार्य किया जाएगा। कलेक्टर ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत चयनित आदिवासी बहुल ग्रामों को शामिल किया गया है। ⏭ शेष पेज 4 पर



# गोली लगने से युवक गंभीर रूप से घायल

**बिजुरी।** जिले के बिजुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 6 माइंस कॉलोनी में रविवार रात गोलीकांड की घटना ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 19 अगस्त की रात्रि लगभग 9 बजे माइनस कॉलोनी स्थित एक बिरयानी सेंटर पर एक युवक पहुंचा और सरफराज के साथ विवाद करने लगा। देखते ही देखते युवक ने उस पर गोली चला दी। गोली सरफराज के पैर में लग गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया, इससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही बिजुरी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और घायल सरफराज को तत्काल केंद्रीय चिकित्सालय मनेन्द्रगढ़ भेजा गया, जहां उसका उपचार जारी है। पुलिस जांच में पता चला है कि आरोपी का नाम क्रिस केवट है। नगर निरीक्षक विकास सिंह ने सक्रियता दिखाते हुए आरोपी को फरार होने से पहले ही दबोच लिया। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।



## खबर संक्षेप

### डॉ मिश्रा होंगी एसईसीएल की अगली सीएमएस

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल की वर्तमान मुख्य चिकित्सा सेवाएं (सीएमएस) डॉ प्रतिभा पाठक आगामी 31 अगस्त को सेवानिवृत्त हो रही हैं,कंपनी प्रबंधन ने नए सीएमएस के तौर पर कंपनी मुख्यालय में ही पदस्थ डॉ श्रुति देव मिश्रा को अगला सीएमएस नियुक्त किया है,मंगलवार 19 अगस्त को एसईसीएल की महाप्रबंधक मानव संसाधन /अधिकारी स्थापना सुजाता रानी ने इस बावत आदेश जारी किया है।

### अरूण ने इंटक से दिया त्यागपत्र

**बिश्रामपुर।** साउथ ईस्टर्न कोयला मजदूर कांग्रेस इंटक के एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय सुरक्षा समिति के सदस्य एवं केतकी खदान के ओवरमैन पद पर पदस्थ अरुण पांडेय ने इंटक संगठन से त्यागपत्र दे दिया है।उन्होंने बताया कि ड्यूटी व परिवारिक व्यस्तता के कारण वे श्रमिक संगठन को समय नहीं दे पा रहे थे,इसीलिए उन्होंने स्वेच्छा से इंटक संगठन से त्यागपत्र दिया है।

### पुलिस ने कुरियर संचालकों, डिलिवरी कर्मचारियों की ली बैठक

**बिश्रामपुर।** डीआईजी व एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर थाना प्रभारी बिश्रामपुर के द्वारा कुरियर संचालकों और डिलिवरी बॉय को सतर्क रहने की चेतावनी दी है और कहा है कि यदि निर्देशों का उल्लंघन हुआ तो सख्त कार्रवाई की जायेगी,इस कदम का उद्धेश्य कुरियर संचालकों और उनके कर्मचारियों को सावधान करना था कि वे किसी भी अवैध गतिविधि में शामिल न हों,यदि वे नियमों का उल्लंघन करते हैं,तो पुलिस उन पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करेगी।मंगलवार,19 अगस्त को थाना प्रभारी बिश्रामपुर प्रकाश राठौर ने कुरियर संचालनकर्ता एवं डिलिवरी कर्मचारियों की बैठक ली और कहा कि सभी यह सुनिश्चित करें कि किसी भी तरह से नशीली दवाओं,हथियारों-चाकू या अन्य अवैध वस्तुओं के परिवहन में आप शामिल न हों, यदि ऐसा करते हैं तो गंभीर कानूनी परिणामों का सामना करना पड़ेगा,उन्होंने कहा कि ऐसी परिस्थितियों से बचने के लिए पार्सल की अच्छे से जांच करें,पार्सल भेजने और प्राप्त करने से पहले उनकी सावधानीपूर्वक जांच करें, यदि आपको कोई संदिग्ध गतिविधि या वस्तु दिखाई देती है तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

### विधायक उद्धेश्वरी ने सबाग में बने नए हाई स्कूल भवन का किया लोकार्पण

कुसमी। सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा की मुख्य आतिथ्य में आदिवासी सुदूर अंचल सबाग में 75 लाख 23 हजार की लागत से बने हाई स्कूल भवन का लोकार्पण फीता काट कर किया गया। इस अवसर पर सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा सहित अन्य अतिथियों ने कहा कि क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से एक हाई स्कूल विद्यालय की मांग की जा रही थी जिसे आज पूरा किया गया। यहां के बच्चों को 20 से 25 किलोमीटर दूरी तय कर सामरी पाठ में हाई स्कूल विद्यालय की शिक्षा प्राप्त करने के लिए जाना पड़ता था। यहां विद्यालय को खुल जाने से अब समय से छात्र-छात्राएं अध्ययन कर अपने घर जा सकते है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विकास हेतु कई योजनाएं चलाए जा रहे है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की विकास कार्य होने में कमी नहीं की जाएगी। लोकार्पण कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य हीरामुनी निकुंज, बसंती भगत, अशोक सोनी, विकास खंड शिक्षा अधिकारी रामपथ यादव, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी नन्द कुमार गुप्ता,विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार, जन्मजय सिंह, रामानंद यादव, लक्ष्मण पैकरा, राजेश्वर गुप्ता, अर्जुन यादव, मनी यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।



### समिति प्रबंधक पर फर्जी ऋण प्रकरण का आरोप, किसानों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

प्रतापपुर। क्षेत्र अंतर्गत रेवटी समिति प्रबंधक पर किसानों ने गंभीर आरोप लगाते हुए फर्जी ऋण वितरण प्रकरण की जांच की मांग की है। शिव भजन सिंह मरावी के नेतृत्व में किसानों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। किसानों का आरोप है कि समिति प्रबंधक द्वारा पहाड़ कला क्षेत्र के एक किसान पत्थरी जाति के संयोगदास के नाम पर 1 लाख 8 हजार रुपये का ऋण खाते में स्वीकृत दिखाया गया, जबकि संबंधित किसान ने कभी लोन लिया ही नहीं। बावजूद ऋण राशि का आहरण कर लिया गया। किसानों ने बताया कि ऐसे कई मामलों में किसानों के नाम पर फर्जी ऋण स्वीकृत कर निकासी की गई है। जब इस विषय पर किसानों ने समिति प्रबंधक से पूछताछ की तो टालमटोल जवाब दिया गया।

### छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन संघ 11 सूत्रीय मांग को लेकर कल रहेंगे हड़ताल पर

**कुसमी।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के तहसील संयोजक संजीव शर्मा एवं ब्लॉक संयोजक हरकेश भारती ने बताया है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश के कर्मचारियों को मोदी की गारंटी के तहत मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा लगातार शासन प्रशासन से पत्राचार किया जा रहा है। सरकार द्वारा कर्मचारी हित में मांगों को लेकर सकारात्मक निर्णय नहीं लेने के कारण प्रदेश के कर्मचारियों में असंतोष एवं आक्रोश व्याप्त है।

---

### छग के रजत महोत्सव में वर्चुअल रूप से शामिल हुए सीएम, दी करोड़ों रुपए की सौगात

# 25 वर्षों में छग ने छुए अनेक आयाम, नए संकल्पों के साथ बढ़ना है आगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

**खास बात**
- नया बस स्टैंड स्थित अटल परिसर में किया गया अटल प्रतिमा का अनावरण

प्रदेश के मुख्य मंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण कर रजत जयंती वर्ष मना रहा है, जो फरवरी 2025 तक जारी रहेगा। इस दौरान प्रत्येक विभाग द्वारा साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह अवसर छत्तीसगढ़ की गौरवशाली यात्रा का प्रतीक है। बीते 25 वर्षों में राज्य ने विकास के अनेक आयाम छुए हैं और अब हमें नए संकल्पों के साथ आगे बढ़ना है।

उन्होंने सभी नागरिकों से एकजुट होकर प्रदेश को प्रगति की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का आह्वान किया। सीएम श्री साय बुधवार को तिलसिवां में रजत महोत्सव के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सीएम श्री साय इस कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेंस के जरिए शामिल हुए। सीएम ने मुख्यमंत्री ने सूरजपुर के नए बस स्टैंड स्थित अटल परिसर में भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की आदमकद प्रतिमा का वर्चुअली अनावरण किया। इस दौरान सीएम ने स्व.अटल बिहारी वाजपेयी को स्मरण करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता अटल जी को नमन करता हूं। अटल जी ने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण कर यहां के लोगों को एक नई पहचान दी। उनकी स्मृति में सरकार द्वारा अटल निर्माण वर्ष मनाया जा रहा है, जिसके लिए 4 हजार करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया गया है। सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए श्री साय ने बताया कि विगत 20 महीनों में मोदी की गारंटी के तहत अनेक जनकल्याणकारी कदम उठाए गए हैं। इसके अलावा श्री साय ने जल जीवन मिशन के तहत गांवों व शहरों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने, सड़कों के सुधार और स्थानीय लोगों को रोजगार देने के लिए सूरजपुर प्रशासन की सराहना भी की। कार्यक्रम को वर्चुअल रूप से डिप्टी सीएम अरुण साव ने संबोधित करते हुए कहा कि राज्य ने स्थापना के 25 वर्षों में विकास की नई ऊंचाइयां हासिल की हैं। छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की ही देन है। उन्हीं के द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की शुरुआत की गई, जिससे गांव-गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ा गया और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ।

डिप्टी सीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सूरजपुर जिले को 211 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी है। निश्चित रूप से इन कार्यों से सूरजपुर जिले का सर्वांगीण विकास होगा। इस दौरान जिपं अध्यक्ष श्रीमती चन्द्रमणि पैकरा, जनपद अध्यक्ष श्रीमती स्वाति सिंह, पूर्व विधायक श्रीमती रजनी त्रिपाठी, पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष राजा पाण्डेय, श्रीमती रेखा राजवाड़े, लवकेश पैकरा, रेडक्रोस सोसाइटी अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, भीमसेन अग्रवाल, मुरली मनोहर सोनी, सत्य नारायण सिंह, राम कृपाल साहू, मुकेश गर्ग, शशिकांत गर्ग, अजय अग्रवाल, सरपंच श्रीमती बिमला सिंह, संभागायुक्त नरेंद्र दुग्गा, आईजी दीपक झा, कलेक्टर एस जयवर्धन, जिपं सीईओ विजेंद्र सिंह पाटले सहित जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी, मीडिया प्रतिनिधि एवं आम नागरिक उपस्थित रहे।



कार्यक्रम को वर्चुवली संबोधित करते मुख्यमंत्री विष्णु देव साय।



पात्र हितग्राहियों को उनके घर की चाबी सौंपते पापुनि के अध्यक्ष राजा पाण्डेय व अन्य।

#### विकास के अनेकों आयाम स्थापित : भुलन

विधायक भूलन सिंह मरावी ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य ने 25 वर्षों की यात्रा में विकास के अनेक आयाम स्थापित किए हैं। आज राज्य शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। जनभागीदारी और सभी के सहयोग से छत्तीसगढ़ आने वाले समय में और भी ऊँचाइयों को छुएगा। प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते ने हमारा छत्तीसगढ़ अब 25 वर्ष का पड़ाव पार कर एक युवा छत्तीसगढ़ बन गया है। उन्होंने प्रदेशवासियों को रजत महोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बीते 25 वर्षों में राज्य ने विकास के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा ने कहा छत्तीसगढ़ का चौमुखी विकास के लिए शासन कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की परिकल्पना सबका साथ सबका विकास को छत्तीसगढ़ में साकार करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में निरंतर छत्तीसगढ़ सरकार कार्य कर रही है।

#### 211 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जिलेवासियों को 211 करोड़ 33 लाख रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी। कार्यक्रम के दौरान 78 करोड़ 78 लाख रुपए की लागत से पूर्ण हुए 37 कार्यों का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार विकास कार्यों को अंतिम छोर तक पहुँचाने के लिए संकल्पित है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में जिले के सर्वांगीण विकास के लिए और भी योजनाएं शुरू की जाएंगी। इसके साथ ही सीएम ने किसान मेला सह जैविक मेला सह प्रदर्शनी सह प्रशिक्षण का शुभारंभ भी वर्चुअली किया। जबकि हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राही मूलक योजनाओं के तहत सामग्रियों का वितरण किया।

---

# हाथी के हमले से पूर्व चौकीदार की मौत, देर रात ग्रामीणों के साथ भगा रहा था गजराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

- घरों व फसलों को पहुंचाया नुकसान, ग्रामीणों ने दहशत में गुजारी रात
- पीड़ित परिवार को वन विभाग ने उपलब्ध कराई सहायता राशि

घुई वन क्षेत्र के ग्राम पंचायत बंगा गांव में बीती रात उस समय अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब देर रात हाथी गांव में आ धमका। इधर हाथी के उत्पात मचाने पर गांव के लोग हाथी को भगाने का प्रयास करने लगे तभी पूर्व चौकीदार का हाथी से आमना-सामना हो गया जिससे हाथी के हमले से पूर्व चौकीदार की मौके पर ही मौत हो गई। हैरानी की बात तो है कि क्षेत्र में लगातार हाथी के गांव में पहुंच रहे है बावजूद इसके हाथी निगरानी दल को हाथी का लोकेशन पता नही चल रहा है जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है और वन विभाग पर अनदेखी और लापरवाही का आरोप लगाया है।

विकासखंड प्रतापपुर में हाथी के हमले से इंसानों की जान जा रही है वहीं वन विभाग लापरवाह एवं खामोश है। विभाग के अधिकारी कर्मचारी वनों की रक्षा तो दूर की बात है। हाथियों की निगरानी तक नहीं पा रहे जिसका खामियाजा क्षेत्र के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। प्रतापपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत बंगा गांव में बीती रात हाथी गांव में न सिर्फ पहुंच गया बल्कि ग्रामीण के घरों व फसलों को नुकसान पहुंचा। देर रात करीब 1 बजे सराय दाढ़ निवासी नाबालिक आ. लाल साय के घर को एक हाथी ने तोड़ डाला और घर को क्षतिग्रस्त किया। घर को तोड़ने के बाद में देर रात गांव में अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। ग्रामीण हाथी के गांव में आ जाने पर शोर मचाने लगे और हाथों में लाठी डंडा टॉर्च लेकर हाथी के पीछे-पीछे दौड़ने लगे। देर रात ग्रामीण किसी तरह साहस जुटा कर हाथी को भगाने की कोशिश कर रहे थे तभी ग्रामीणों के साथ हाथी भगा रहे गांव के पूर्व चौकीदार बलदेव आ. रामलाल (40 वर्ष) का हाथी से आमना सामना हो गया जिससे हाथी ने उसे पकड़ कर कुचल दिया जिससे पूर्व चौकीदार की मौके पर ही मौत हो गई। यह गांव वन परिक्षेत्र घूई के अंतर्गत में पड़ता है जहां पिछले एक सप्ताह से हाथियों द्वारा उत्पात मचाया जा रहा है। बावजूद इसके वन विभाग की लापरवाही को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है।



हाथी द्वारा क्षतिग्रस्त घर, इनसेट में मृतक।

#### हाथी भगाने के चक्कर में गई जान

ग्रामीणों का कहना है कि वह कई बार वन विभाग को सूचना दे चुके थे लेकिन विभाग केवल कागजी कार्रवाई कर खाना पूर्ति में जुटा रहता है। हाथियों के मूवमेंट पर न तो कोई ठोस निगरानी की जाती है और न ही ग्रामीणों की सुरक्षा की जाती है। वन विभाग द्वारा हाथी की निगरानी नहीं करने के कारण हाथी के गांव में पहुंच जाने पर गांव के लोगों द्वारा भगाया जाता है। रात्रिकालीन हाथी को भगाने का प्रयास करते हैं और डर के साए में जीते हैं। बरसात के दिनों में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है और रात के समय हाथी आ जाने से घर के बूढ़े बुजुर्ग बच्चे सहम जाते हैं। बीती रात भी हाथी भगाने के चक्कर में एक ग्रामीण की मौत हो गई।

#### घर व फसलों को पहुंचाया नुकसान

प्रतापपुर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में हाथियों का झुंड आए दिन फसलों को रौंद देता है और कच्चे घरों को तोड़ क्षतिग्रस्त कर देता है। ऐसे में ग्रामीणों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि शासन प्रशासन केवल हाथी के नाम से हाथी प्रभावित का मुआवजा दे देता है जबकि सुरक्षा के कोई उपाय नहीं करते। वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी निरंतर मॉनिटरिंग नहीं करने का वजह से हाथियों का मूवमेंट का पता नहीं चलता और हाथी सीधा गांव की ओर रुख करते है। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में 5 से 7 हाथी का दल घूम रहा है जिसे लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

#### पीड़ित परिवार को दी गई है सहायता राशि

मृतक के परिजन को वन विभाग द्वारा तत्काल 25 हजार की सहायता राशि दी गई है। वन विभाग की टीम हाथी पर नजर जमाए हुए है। जिनका फसल नुकसान हुआ है उनका मुआवजा प्रकरण बनाने निर्देशित किया गया है। ग्रामीणों को हाथी से दूरी बनाए और सतर्क किया जा रहा है।

-प्राकृतिक बारले
एसडीओ वन विभाग

---

# प्रधान डाकघर का चेक स्कैनर कई दिनों से खराब होकर बंद पड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- विभिन्न शाखाओं का कई लाख रुपये का चेक भुगतान हूआ लंबित,ग्राहक एवं अभिकर्ता दोनों भारी परेशान

पिछले करीब एक माह से प्रधान डाकघर अंबिकापुर में लगा चेक स्कैनर मशीन में तकनीकी खराबी आ जाने से संभाग के विभिन्न डाकघरों में लेनदेन का कार्य बड़ी तादात में प्रभावित हुआ है।डाकघर के स्थानीय एजेंटों ने बताया कि इस संबंध में कई बार आला अधिकारियों को निवेदन करने के बाद अब भी स्थिति जस की तस बनी हुई है।स्कैनर मशीन खराब हो जाने से डाकघर अभिकर्ताओं सहित ग्राहकों का समय पर चेक क्लियर नहीं हो पा रहा है जिससे भारी परेशानी बनी हुई है।

अभिकर्ताओं ने बताया कि प्रधान डाकघर अंबिकापुर से पूरे सरगुजा संभाग के डाकघरों का काम काज संचालित होता है,विभिन्न शाखा के डाकघरों में पहुंचे चेक को क्लियरेंस के लिए अंबिकापुर प्रधान डाकघर भेजा जाता है,चेक क्लियर होने के बाद खातों में राशि का समायोजन हो जाने के बाद भुगतान होता है, मुख्यालय स्थित स्कैनर मशीन के खराब हो जाने से कई लाख का भुगतान होना लंबित है।अभिकर्ताओं ने यह भी बताया कि जब इस संबंध में जानकारी ली जाती है तो एक सधा हूआ जवाब मिलता है कि पुरानी मशीन खराब है, पंद्रह बीस दिनों में नई मशीन आनी है जिसके बाद ही काम पुनः शुरू हो पाएगा। फिलहाल प्रधान डाकघर के अधिकारियों की लापरवाही, मनमानी और सुस्त कार्यशैली से अभिकर्ता और ग्राहक दोनों परेशान हैं।इस संबंध में अंबिकापुर प्रधान डाकघर के डाक सहायक संजय कुमार ने बताया कि कैनन कंपनी की स्कैनर मशीन में तकनीकी खराबी आ जाने से समस्या बनी हुई है,हमने मशीन को सुधार हेतु संबंधित कंपनी को भेजा भी था, लेकिन सुधार नहीं हो पाने से, डाक परिमंडल कार्यालय रायपुर को नई स्कैनर मशीन उपलब्ध कराने के लिए पत्र भेजा गया है, जल्द ही मशीन उपलब्ध होने के बाद कार्य सुचारू रूप से पुनः संचालित होगा।

---

# एसईसीएल की बलरामपुर 10-12 खदान बंद होने से रोजगार और विकास पर संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- बीएमएस यूनियन ने सीएम को भेजा पत्र
- अतिशीघ्र न्यूनतम एक साल का सीटीओ नवीनीकरण करने की हुई मांग

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की बलरामपुर 10/12 खदान का संचालन बंद होने से प्रबंधन को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है, उक्त खदान का सीटीओ नवीनीकरण लंबित होने के कारण उत्पादन पूरी तरह से बंद हो चुका है,इससे हजारों मजदूर, ठेका कर्मचारी, ट्रांसपोर्टर और छोटे व्यापारी गहरे संकट में आ गए हैं।भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ ने इस गंभीर स्थिति पर राज्य के मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर सीटीओ का अतिशीघ्र न्यूनतम एक वर्ष का विस्तार दिए जाने की मांग की है,भारतीय कोयला खनन मजदूर संघ बीएमएस के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को प्रेषित पत्र में उल्लेख किया है कि 11 जुलाई 2025 को क्षेत्रीय विधायक व महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने वित्त एवं वाणिज्य मंत्री ओपी चौधरी से मुलाकात कर खदान के सीटीओ नवीनीकरण पर चर्चा की थी,उस बैठक में वित्त मंत्री चौधरी ने स्पष्ट रूप से एक वर्ष का विस्तार देने का आश्वासन दिया था, लेकिन आश्वासन दिए जाने के एक महीने बाद भी खदान को अनुमति नहीं मिल पाई है,इससे खदान से जुड़े मजदूरों और आम नागरिकों में गहरा असंतोष है,पत्र में उल्लेख किया गया है कि बलरामपुर 10/12 खदान में लगभग 30 लाख टन उच्च गुणवत्ता का कोयला अब भी उपलब्ध है,यह कोयला राज्य व राष्ट्र की ऊर्जा आपूर्ति के लिए बेहद अहम माना जा रहा है,संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि उत्पादन बंद होने से न केवल ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हो रही है बल्कि कोयला आधारित उद्योगों और बिजली घरों पर भी असर पड़ सकता है, संघ का कहना है कि यह केवल रोजगार का मुद्दा नहीं बल्कि सैकड़ों परिवारों के अस्तित्व का प्रश्न है,खदान के बंद होने का असर सिर्फ मजदूरों पर ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था पर पड़ चूका है,संघ ने चेताया है कि खदान से राज्य सरकार को प्रतिवर्ष करोड़ों रुपए का राजस्व मिलता रहा है,खदान बंद होने से सरकार को भी भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है।

### घर के सामने से चोरों ने पार की बाइक

अम्बिकापुर। लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम जरहाडीह डेढौली पारा निवासी बुधन नामदेव आ. स्व. डेमुराम नामदेव (38 वर्ष) 9 मार्च को ग्राम असकला निवासी अमृत नागेश के यहां शादी विवाह के सबंध में बात करने बाइक क्रमांक सीजी 15 डीएफ 6601 से गया था। बाइक को घर के सामने खड़ा कर बातचीत करने लगा और 10 मिनट बाद बाहर निकला तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का पता नहीं चला तो गत दिन आरटीओ से बाइक का दस्तावेज निकलवा कर रघुनाथपुर पुलिस चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 3033 (2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

# पंडो जनजाति की जमीन पर भू माफिया का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भू माफियाओं के चंगुल में फंसकर एक पंडो परिवार दरदर की ठोकरें खाने को मजबूर है। भू माफियाओं ने शहर के बीच चांदनी चौक में स्थित करोड़ो की जमीन पर कब्जा कर लिया और बड़ी बड़ी बिल्डिंग भी बन गई। हैरानी की बात तो यह है कि पंडो परिवार अपनी जमीन को वापस पाने के लिए कलेक्टर से लेकर सीएम तक गुहार लगा चुका है। एक बार फिर से परिवार ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अपनी जमीन वापस दिलाने की मांग की है। गांधीनगर थाना अंतर्गत ग्राम बढ़नी झरिया निवासी बुजुर्ग माधव मंदों आ. जेठू पंडो ने बताया कि शहर के मायापुर चांदनी चौक के समीप खसरा नम्बर 2194, 2195, 2198 व 2199 में कुल 91 डिसमिल जमीन स्थित है। उक्त सेटलमेंट की भूमि उनके पूर्वज बुद्धू पंडो और मोहरी पंडो के नाम पर दर्ज है और इस भूमि पर 1969 तक मकान बनाकर परिवार रहता भी था। इसी दौरान किसी कारणों से उनके परिवार को सरगुजा छोड़ना पड़ा और वे सूरजपुर के तिलई कछार में जाकर बस गये थे। विशेष पिछड़ी जनजाति पंडो परिवार के नाम पर दर्ज उक्त जमीन पर गैर आदिवासी परिवार के लोगों ने कब्जा कर लिया है। उक्त भूमि पर को अलग अलग लोगों को बेच दिया गया है और उसपर लोगों ने कब्जा कर बिल्डिंग का निर्माण कर लिया है।

---

### जिला कांग्रेस कमेटी ने मनाई पूर्व पीएम स्व. राजीव गांधी की जयंती, दिलाई सद्भावना दिवस की शपथ

# राजीव गांधी ने शुरू किया पंचायती राज और संचार क्रान्ति

**अंबिकापुर।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव की 81वी जयंती सद्भावना दिवस बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में आयोजित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। उनकी जयंती पर कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को सामूहिक रूप से सद्भावना दिवस की शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि राजीव गांधी में यह साहस था कि उन्होंने यह स्वीकार किया कि जनता को भेजे गये 1 रु में मात्र 15 पैसे पहुंच रहे हैं। बीच का सिस्टम 85 पैसे खा रहा है। यह समस्या बगैर तकनीक के समाप्त नहीं हो पाती। इसे ही ध्यान रखते हुए उन्होंने पंचायती राज और संचार क्रांति पर काम किया जिसके फलस्वरूप आज की सरकारें लोगों को खाते तक सीधे सहायता पहुंचा रही है। पूर्व कैबिनेट मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि राजीव गांधी ने नैतिकता के साथ विश्व शांति और कौमी एकता के लक्ष्य को साथ रखते हुए शासन किया जो आज के नेतृत्व में लापता हैं। पीसीसी उपाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव ने कहा कि राजीव गांधी ने कुशलता से देश चलाया, उनकी सोच और कार्य की बदौलत आज देश सूचना और संचार क्षेत्र में विश्व में अहम स्थान हासिल किया है। 20 वी सदी में वे 21वी सदी को लक्ष्य रखकर काम करते थे। पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की ने कहा कि आज हम राजीव गांधी के द्वारा बनाये गए आधुनिक भारत में रह रहे हैं। हम उनके द्वारा बनाये गए जवाबदेह पंचायती राज में रह रहे हैं जिसपर आज की सरकार के कार्यकलाप से गंभीर खतरा है। ये सरकार वैज्ञानिक सोच और जवाबदेह जनप्रतिनिधित्व को समाप्त कर रही है। पीसीसी महामंत्री श्री द्वितेन्द्र मिश्रा ने कहा कि आज की सरकार वोट चोरी के उद्देश्य से लाखों वोट घटा और बढ़ा रही है। एक राजीव गांधी थे जिन्होंने मतदान का अधिकार देने के लिए संविधान में 61 वां संशोधन कर मतदान की आयु 18 वर्ष कर दी जिसकी बदौलत देश में 5 करोड़ युवाओं को मतदान का अधिकार प्राप्त हो गया।



#### महिला कांग्रेस ने घुमंतू बच्चों को दी सौगात

राजीव गांधी जी के जयंती पर महिला कांग्रेस ने जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सिमा सोनी के नेतृत्व में घुमंतू बच्चों के आश्रय स्थल नई दिशा जाकर उन्हें कई चीजों का वितरण किया। इनमें कंपास बॉक्स, फल, चॉकलेट जैसी चीजें थी जिनका वितरण किया गया। इस आश्रय स्थल में 100 के करीब बच्चे निवासरत हैं।



# नागार्जुन ने किया अपनी 100वीं फिल्म का ऐलान

**मुंबई।** रजनीकांत की हालिया रिलीज फिल्म कुली में सुपरस्टार नागार्जुन साइमन के किरदार में नजर आए हैं। फिल्म में अपने नेगेटिव किरदार को लेकर नागार्जुन को काफी तारीफें मिली हैं और लोगों को उनका कैरेक्टर काफी पसंद भी आया है। अब कुली के सिनेमाघरों में रिलीज होते ही नागार्जुन ने अपनी अगली फिल्म को लेकर एक बड़ी जानकारी साझा की है। ये उनकी 100वीं फिल्म भी होगी। जिसके बाद फैंस उन्हें नई भूमिका में देखने के लिए उत्साहित हो गए हैं। नागार्जुन ने बताया कि उनकी 100वीं फिल्म तमिल निर्देशक कार्तिक द्वारा निर्देशित होगी, जिसका टाइटल फिलहाल अभी के लिए 'किंग 100' है।

## लाइफ Style



# कुब्रा

## कल्पना चावला की करना चाहती हैं बायोपिक

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री कुब्रा सैत जल्द ही काजोल के साथ 'ट्रायल सीजन 2' में नजर आएंगी। हाल ही में उन्होंने फिल्म सन ऑफ सरदार 2 में काम किया था। अपने ड्रीम रोल और बायोपिक को लेकर कुब्रा का कहना है कि अगर मुझे कोई रोल निभाना है तो मैं उसे खुद लिख सकती हूं।

फिलहाल मैं अपने किरदारों का आनंद ले रही हूं। बायोपिक के सवाल पर वो कहती हैं कि हां, अगर मौका मिले तो मैं कल्पना चावला की बायोपिक में उनका किरदार निभाने के लिए तैयार हूं। उनका जीवन, हौसला और उपलब्धियां बहुत प्रेरणादायक हैं। मुझे उम्मीद है कि उनके जज्बे और साहस को पर्दे पर उतारना मेरे लिए एक बेहद खास अनुभव होगा। यह मेरे लिए सिर्फ एक अभिनय का मौका नहीं, बल्कि सम्मान और प्रेरणा का भी कारण होगा। कुब्रा अब जल्द ही 'ट्रायल सीजन 2' में नजर आएंगी। इसको लेकर अभिनेत्री काफी उत्साहित हैं। इसके बारे में उनका कहना है कि मेरा किरदार बहुत सुंदर है और यह मेरे लिए एक शानदार अवसर है। काजोल के साथ काम करना बहुत खास है। उनकी एनर्जी और सरल स्वभाव मुझे प्रेरित करता है। मुझे हैरानी हुई कि काजोल को पढ़ने का बहुत शौक है और वह सिर्फ फिक्शन पढ़ती हैं। उनकी कल्पना बहुत रंगीन है और वे किसी भी बात को आसानी से समझ लेती हैं। उनके साथ काम करना मजेदार और प्रेरणादायक है। कुब्रा डेविड धवन के निर्देशन में बन रही फिल्म 'हैं जवानी तो इश्क होना है' में भी नजर आने वाली हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# विल की बेटी कृष्ण भक्ति में डूबीं

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्टर विल स्मिथ और उनकी वाइफ जेडा पिंकेट की बेटी विलो स्मिथ चर्चा में हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी आध्यात्मिक जर्नी की झलक दिखाई है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर फोटोज और वीडियो शेयर किए हैं। विलो ने बताया कि वो जन्माष्टमी पर आर्टिस्ट लोंड्रेल के रिलीज किए गए भक्ति गीत गोविंदा नाइट्स में नजर आ रही हैं। विल स्मिथ की बेटी विलो स्मिथ ने सोशल मीडिया पर अपने फॉलोअर्स को जन्माष्टमी सेलिब्रेशन की फोटोज दिखाई हैं।



# दिव्यांग सिंगर ने सुनाई शोषण की दर्दनाक आपबीती

**लॉस एंजिल्स।** स्पैनिश अमेरिकन सिंगर विक्टोरिया कैनल जो कोल्डप्ले के साथ परफॉर्म कर चुकी हैं, उन्होंने अपने साथ हुए दुर्व्यवहार को लेकर एक खुलासा किया। उनकी बातों ने म्यूजिक इंडस्ट्री को हिलाकर रख दिया है। आज के पॉप की दुनिया में होनहार युवा आवाजों में से एक, विक्टोरिया कैनाल एक जन्मजात बीमारी के साथ पैदा हुई थीं। इसके बावजूद, इस सिंगर ने अपनी इस प्रॉब्लम को अपनी जिंदगी में रोड़ा नहीं बनने दिया। उन्होंने अपने पोस्ट में कई और की शिकायतें शेयर की हैं और कैप्शन में लिखा है, 'मैं अपने स्टेटमेंट के बाद कोई और बयान देने का प्लान नहीं बना रही थी, क्योंकि मैं इस सब से आज़ाद होकर अपनी ज़िंदगी में आगे बढ़ने को लेकर बहुत खुश हूं। मुझे यह भी लगता है कि जिस इंसान ने मुझे बड़ा किया, वह मेरे पेज पर इतनी जगह पाने का हकदार नहीं है।'



# शेयर किया सिजलिंग हॉट वीडियो

**मुंबई।** बुधवार को नोरा फतेही ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक हॉट एंड सिजलिंग वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में नोरा बोल्ड लुक में नजर आ रही हैं। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। नोरा फतेही ने इंस्टाग्राम पर अपना एक बोल्ड एंड हॉट वीडियो शेयर कर फैंस को सरप्राइज कर दिया है। इस वीडियो में नोरा रेड क्रॉप टॉप के साथ डेनिम शॉर्ट्स में समंदर किनारे सिजलिंग पोज देती नजर आ रही हैं। इस शानदार वीडियो के साथ नोरा ने कैप्शन में लिखा, 'ओह मामा टेटेमा स्पॉटिफी चार्ट पर आगे बढ़ रहा है। धन्यवाद मेरे प्यारे... स्ट्रीमिंग करते रहो, उन्हें अपनी शक्ति दिखाओ।' नोरा फतेही और तंजानियाई कलाकार रेवनी ने अफ्रोबीट और देसी धुनों का मिश्रण करते हुए 'ओह मामा टेटेमा" रिलीज किया है।



# धर्मेंद्र-सनी और बॉबी आएंगे एक साथ

**मुंबई।** अभिनेता सनी देओल इन दिनों अपनी दो आगामी फिल्मों बॉर्डर 2 और रामायण को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। जबकि उनके भाई बॉबी देओल अल्फा को लेकर सुर्खियों में हैं। हालांकि, अब दोनों फिर से एक साथ एक ही फिल्म में नजर आ सकते हैं। दोनों फिल्म अपने 2 में एक साथ दिखाई देंगे। इसको लेकर अब फिल्म के निर्देशक अनिल शर्मा ने अपडेट दिया है। निर्देशक अनिल शर्मा ने अपने 2 को लेकर बात की और फिल्म से जुड़ी अपडेट भी साझा की। उन्होंने बताया कि फिल्म की स्क्रिप्ट तैयार है। निर्देशक ने कहा कि वो कई स्क्रिप्ट्स पर काम कर रहे हैं। अपने 2 इनमें से एक है। हालांकि, अपने 2 उनकी अगली ही फिल्म नहीं होगी। लेकिन, उन्होंने ये खुलासा जरूर किया कि अपने 2 बन रही है। स्क्रिप्ट पहले ही पूरी हो चुकी है।

## टीवी मसाला



# केबीसी 17 में आदित्य कुमार खेलेंगे 7 करोड़ का सवाल

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन होस्टेड रियलिटी टीवी शो 'कौन बनेगा करोड़पति' का 17वां सीजन दर्शकों को जमकर एंटरटेन कर रहा है और अब अपकमिंग एपिसोड में फैंस को इस सीजन का पहला करोड़पति भी मिल जाएगा। उत्तराखंड के आदित्य कुमार ने 17वें सीजन के पहले करोड़पति बनकर इतिहास रच दिया है। शो के होस्ट अमिताभ बच्चन भी खुशी से झूम उठे और उन्होंने अपनी सीट से उठकर आदित्य कुमार को गले लगा लिया। अमिताभ बच्चन ने कहा कि उन्हें यकीन नहीं हो रहा कि आदित्य ने वाकई यह कर दिखाया है। शो का नया प्रोमो वीडियो जारी कर दिया गया है जिसमें आदित्य कुमार को 7 करोड़ रुपए के सवाल का सामना करते हुए दिखाया जाएगा। प्रोमो वीडियो में आदित्य की जिदंगी की कहानी दिखाई गई है कि कैसे वह उत्तराखंड से आते हैं और गुजरात के एक थर्मल पावर प्लांट में पोस्टेड हैं। आदित्य ने बताया कि वह सीआईएसएफ में डिप्टी कमांडेंट के पद पर तैनात हैं। उन्होंने एनएसई की परीक्षा में पूरे भारत में 6वीं रैंक हासिल की थी। वीडियो में आदित्य शिक्षा का महत्व समझाते नजर आ रहे हैं और अपनी उपलब्धियों के लिए शिक्षा को ही क्रेडिट देते हैं। आदित्य के सामने जब महानायक 7 करोड़ रुपए का सवाल रखते हैं तो वह कुछ पल के लिए सोच में पड़ जाते हैं, लेकिन फिर आदित्य कुमार कहते हैं कि 'रिस्क लेंगे सर।' अमिताभ बच्चन इस मामले की गंभीरता को समझ रहे होंगे और वह भारी आवाज में आदित्य कुमार से कहेंगे कि आखिरी फैसला आपका ही है। तो क्या आदित्य कुमार 7 करोड़ के सवाल पर रिस्क लेकर पहले 7 करोड़ जीतने वाले खिलाड़ी भी बन जाएंगे?

## बिग बॉस 19 में नजर आएंगी ये एक्ट्रेस

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। सलमान खान का रियलिटी शो जल्द ही शुरू होने वाला है। ऐसे में कई कथित नामों की चर्चा है जो इस साल शो का हिस्सा हो सकते हैं। इन नामों की सूची में



बिग बॉस 18 के कंटेस्टेंट विवयन डीसेना की एक्स वाइफ का नाम भी शामिल हो गया है। फैंस इस नाम को सुनने के बाद कह रहे हैं कि इन्हें पिछले सीजन में ही आना चाहिए था। कई फैंस वाहबिज दोराबजी का नाम सुनकर उत्साहित हैं। विवियन डीसेना की एक्स वाइफ वाहबिज दोराबजी को सलमान खान के शो के लिए अप्रोच किया गया है। मेकर्स अभी उन्हें शो में हिस्सा लेने के लिए मना रहे हैं। अगर सब चीजें ठीक रहती हैं तो वाहबिज दोराबजी इस साल बिग बॉस के घर में नजर आ सकती हैं। बाहबिज ने कहा कि उन्हें कई सालों से बिग बॉस का ऑफर आ रहा है। लेकिन, पहले कुछ फाइनल नहीं हो पा रहा था, इस वजह से वो अब तक शो का हिस्सा नहीं बन पाई हैं।

# हुमा ने रानी भारती के अवतार में शेयर की तस्वीर

*मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी इन दिनों अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित पॉलिटिकल ड्रामा वेब सीरीज 'महारानी' के सीजन चार को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। बुधवार को हुमा ने सीरीज को लेकर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसने फैंस की उत्सुकता को और अधिक बढ़ा दिया है। इस पोस्ट में हुमा लंदन में पोज देती नजर आ रही हैं। इस पोस्ट के साथ हुमा ने एक खास नोट भी लिखा है। हुमा ने इंस्टाग्राम पर अपनी शानदार तस्वीर को शेयर किया। इस तस्वीर में हुमा लंदन के बिग बेन की दूसरी तरफ खड़ी नजर आ रही हैं। बिग बेन को आधिकारिक तौर पर एलिजाबेथ टॉवर के रूप में जाना जाता है। रानी भारती के अवतार में हुमा साड़ी के साथ ओवरकोट में पोज देती नजर आ रही हैं। इस पोस्ट के साथ हुमा ने कैप्शन में लिखा, 'महारानी ने लंदन पर कब्जा कर लिया है...भारत के सबसे पसंदीदा शो का सीजन 4 लोड हो रहा है... जल्द आ रहा है।' महारानी वेब सीरीज का चौथा सीजन जल्द ही सोनी लिव पर रिलीज होने वाला है। इस सीजन में हुमा कुरैशी एक बार फिर से रानी भारती के रूप में वापसी करेंगी, जो बिहार की राजनीति में एक महत्वपूर्ण किरदार निभाती हैं।*



# 200 करोड़ की इस फिल्म में एक हीरो के साथ नजर आएंगी पांच टॉप हीरोइनें

**नई दिल्ली।** 200 करोड़ का बजट है। 6 भाषाओं में ये फिल्म रिलीज होगी। इस फिल्म में एक हीरो है और उसके साथ 5 हीरोइनें नजर आएंगी। क्या इस फिल्म का नाम आप जानते हैं? अगर नहीं तो लीजिए हम आपको बताते हैं। ये फिल्म केजीएफ एक्टर यश की 'टॉक्सिकः ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स' है। यश की 'टॉक्सिक' में पांचवीं हीरोइन कौन होगी, इस सस्पेंस से परदा अब हट चुका है। खबर पक्की है कि एक्ट्रेस रुक्मिणी वसंत शुरू से ही फिल्म का हिस्सा थीं, बस मेकर्स ने जानबूझकर उनकी एंट्री को गुपचुप रखा था। सूत्रों की मानें तो रुक्मिणी ने पहले ही मुंबई शेड्यूल में यश के साथ कई सीन शूट कर लिए हैं और अब उनके हिस्से की बस कुछ दिन की शूटिंग बाकी है। केजीएफ एक्टर यश की 'टॉक्सिक' से जुड़े सूत्रों ने बताया कि फिल्म की कहानी हमेशा से दमदार फीमेल किरदारों पर टिकी हुई है और रुक्मिणी वसंत का रोल भी उतना ही स्ट्रॉन्ग है। वो कहानी में जबरदस्त असर लेकर आती हैं। टीम चाहती थी कि ये सरप्राइज आखिर तक बना रहे, इसलिए उनका नाम अभी तक छुपाया गया था.' रुक्मिणी वसंत की उम्र 28 साल है।



## रुक्मिणी भी जुड़ गई हैं टॉक्सिक में

अब रुक्मिणी भी जुड़ गई हैं टॉक्सिक की शानदार हीरोइनों की लाइन-अप में, जिसमें पहले से ही कियारा आडवाणी, नयनतारा, तारा सुतारिया और हुमा कुरैशी जैसी स्टार्स शामिल हैं। हर कोई फिल्म के नैरेटिव को और गहराई देने वाला है। गीतू मोहनदास के निर्देशन में बन रही ये फिल्म फिलहाल मुंबई में शूट हो रही है और इसकर वर्ल्डवाइड रिलीज़ डेट फिक्स है, 19 मार्च 2026। साथ ही ये एक माइलस्टोन भी है क्योंकि टॉक्सिक पहली बड़ी फिल्म है जो एक साथ कन्नड़ और इंग्लिश में शूट हो रही है और फिर हिंदी, तेलुगु, तमिल और मलयालम में डब होकर रिलीज होगी। कन्नड़ इंडस्ट्री से ताल्लुक रखने वाली रुक्मिणी वसंत पहले ही सप्ता सागरदाचे एलो से तारीफें बटोर चुकी हैं। उनके पास आगे भी मधरासी, कंतारा चैप्टर 1 और एनटीआर की फिल्म जैसे बड़े प्रोजेक्ट हैं। टॉक्सिकः ए फेयरीटेल फ़ॉर ग्रोन-अप्स का प्रोडक्शन वेंकट के. नारायण (केवीएन प्रोडक्शंस) और यश (मॉन्स्टर माइंड क्रिएशन्स) मिलकर कर रहे हैं।

## रोमांस, मासूमियत और खुशनुमा अहसास से भरे ये गाने बीते दौर की दिलाते हैं याद

# 52 साल पुराना वो रोमांटिक गाना, जिसको सुनते ही चेहरे पर छा जाती है मुस्कान

### इस गाने ने जीत लिया था सबका दिल

कुछ गाने तो ऐसे हैं जिन्हें सुनते ही चेहरे पर मुस्कान आ जाती है। उनमें एक अलग ही मिठास होती है, जैसे दो लोगों के बीच प्यारी नोकझोंक या प्यार से भरी खटी-मीठी बातें हो रही हों। इन गानों की धुन दिल को सुकून देती है और सिंगर की आवाज सुनते ही मानो पूरी कहानी सामने आ जाती है। सोशल मीडिया और यूट्यूब पर ऐसे गाने आज भी वायरल होते रहते हैं, जिन्हें नई और पुरानी दोनों पीढ़ियां खूब पसंद करती है। ऐसा ही एक गाना 5 दशक पहले आया था, जिसने सबका दिल जीत लिया था।

### किशोर कुमार और आशा भोसले ने दी थी आवाज

ये गाना आज से 54 साल पहले आया था, जिसने लोगों के दिलों में अपनी खास जगह बना ली थी। इसे अपनी मजेदार धुन और रोमांटिक अंदाज के लिए बहुत पसंद किया गया था। गाने में हीरो-हीरोइन की छेड़छाड़ और प्यारी भरी नोकझोंक को बेहद खूबसूरती से दिखाया गया था। इस गाने को किशोर कुमार और आशा भोसले ने अपनी आवाज दी थी, जबकि म्यूजिक दिया था मशहूर जोड़ी शंकर-जयकिशन ने। हम यहां 1971 में आई फिल्म 'कल आज और कल' के एक सबसे फेमस गाने के बारे में बात कर रहे हैं।



*नई दिल्ली। बॉलीवुड में कई ऐसे गाने बने हैं जो समय बीत जाने के बाद भी लोगों के दिलों में बसे हुए हैं। रोमांस, मासूमियत और खुशनुमा अहसास से भरे ये गाने बीते दौर की याद दिलाते हैं। उस जमाने में भी ये गाने लड़के-लड़कियों की पहली पसंद हुआ करते थे और उनके दिलों में बस जाते थे. आज भी लोग इन्हें सुनकर पुराने दिनों में खो जाते हैं। आज हम आपको ऐसे ही प्यारे से गाने की याद दिलाने जा रहे हैं, जिसको जितनी बार सुना जाए कम ही लगता है।*

### फिल्म में एक साथ नजर आई थी कपूर खानदान की तीन पीढ़ी

इस गाने को रणधीर कपूर और बबिता पर फिल्माया गया था, जो काफी समय से उनका इंतजार कर रही थीं, लेकिन वो उसने मिलके के लिए लेट हो जाते हैं। जिसके बाद उनकी प्यार भरी नोकझोंक शुरू हो जाती है। वहीं, अगर फिल्म 'कल आज और कल' की बात करें तो इसको रणधीर कपूर ने ही डायरेक्ट किया था। इसमें राज कपूर, प्रिथ्वीराज कपूर, रणधीर कपूर और बबिता जैसे कलाकार एक साथ नजर आए थे। ये फिल्म उस समय काफी चर्चा में रही थी, क्योंकि पहली बार कपूर परिवार की तीन पीढ़ियां एक ही पर्दे पर दिखाई दी थीं.

### आज भी इस गाने को किया जाता है खूब पसंद

उस दौर में इस फिल्म के कई गाने फेमस हुए थे, जिनमें से एक 'आप यहां आए किसलिए' भी था। इस गाने को कवि नीरज ने लिखा था, जिनके शब्दों ने इसे और खास बना दिया। उस दौर में ये गाना हर किसी की जुबान पर था और रेडियो से लेकर पार्टियों तक, हर जगह गूंजता रहता था। आज भी जब ये गाना बजता है, तो लोग खुद को रोक नहीं पाते और झूम उठते हैं। यूट्यूब पर भी इस गाने को करोड़ों लोग देख चुके हैं। सबसे दिलचस्प बात ये है कि नई पीढ़ी भी इसे उतना ही पसंद कर रही है, जितना पुरानी पीढ़ी।

### फ्लॉप हो गई थी ये फिल्म

फिल्म की कहानी पीढ़ियों के बीच सोच के टकराव और परिवार के मूल्यों पर आधारित थी। हालांकि, ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह से फ्लॉप हो गई थी, लेकिन अपने गानों की वजह से इसको पॉपुलैरिटी मिली थी। खासकर 'आप यहां आए किसलिए' गाने ने फिल्म को पहचान दिलाने में बड़ी भूमिका निभाई थी। ये गाना सिर्फ एंटरटेनमेंट नहीं, बल्कि उस दौर की इनोसेंस और रोमांटिक अंदाज की झलक है। आज भी ये गाना पुराने गानों की लिस्ट में सबसे ऊपर आता है और भारतीय सिनेमा की अमर धरोहर माना जाता है।

## योग, स्वस्थ दिनचर्या और हेल्दी लाइफ स्टाइल के प्रति किया जागरूक

# आयुष मोबाइल मेडिकल यूनिट से अब तक 1382 लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुण्ठपुर




राष्टीय आयुष मिशन के निर्देशानुसार जिला कोरिया में जनवरी 2025 से आयुष मोबाइल मेडिकल यूनिट संचालित की जा रही है। जिले के विकासखंड सोनहत के ग्राम रावतसरई, पत्थरगंवा, भरीडीह, कचोहर, बंशीपुर तथा खड़गवां के तहत ग्राम गंगापुर, कासाबहरा और इंदरपुर को चिन्हित कर प्रत्येक शनिवार को शिविर आयोजित किया जा रहा है।

इन शिविरों में आयुष चिकित्सक एवं आयुर्वेद फार्मासिस्ट द्वारा चिकित्सा परीक्षण एवं औषधि वितरण किया जाता है। साथ ही आमजन एवं विशेषकर वृद्धजन को आयुर्वेद, योग, स्वस्थ दिनचर्या और हेल्दी लाइफ स्टाइल के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जनवरी से जुलाई 2025 तक 27 शिविर आयोजित किए गए, जिनमें 1382 लाभार्थी आयुष पद्धति से लाभान्वित हुए तथा 485 लाभार्थियों का एनसीडी परीक्षण किया गया।

शिविरों में मौसमी बीमारियों की जानकारी और योगाभ्यास का महत्व भी बताया गया। शासन की मंशानुरूप मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत चिन्हित ग्रामों के जनजातीय परिवारों को विशेष रूप से आयुष सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके अतिरिक्त जिले के बैकुंठपुर विकासखंड के ग्राम खंधौरा, बारी एवं गेजी तथा सोनहत के नवाटोला और बसेर में भी आयुष शिविर। आयोजित कर सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। जिला आयुष अधिकारी डॉ.एलविना ग्रेस टोप्पो ने बताया कि कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में लगातार शिविर आयोजित कर मरीजों की जांच, उपचार, योगाभ्यास कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि धरती आबा व आदि कर्मयोगी अभियान के तहत चिन्हित ग्रामों में निवासरत लोगों को ज्यादा से ज्यादा मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है और इस अभियान से निश्चित ही मरीजों व जरूरतमंद लोगों को लाभ होने लगा है।

### जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




चरचा कॉलरी। जिला एड्स नियंत्रण समिति द्वारा 12 अगस्त से 11 अक्टूबर तक चलाए जा रहे एचआईवी/एड्स जन-जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पालिका शिवपुर चरचा के सुभाष नगर चौक में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य के माध्यम से स्थानीय नागरिकों को एचआईवी व यौन संचारित रोग (एसटीआई) के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं और महिलाओं को जागरूक करना तथा एचआईवी/एड्स संक्रमितों के प्रति समाज में होने वाले भेदभाव को कम करना है। जागरूकता अभियान के दौरान कॉलेजों व स्कूलों में विशेष कार्यक्रम, वाद-विवाद प्रतियोगिताएं और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी संदेश फैलाने पर जोर दिया गया। समिति ने युवाओं को सामुदायिक भागीदारी बढ़ाने और सकारात्मक संदेश प्रसारित करने के लिए प्रोत्साहित किया। अधिकारियों ने बताया कि इस कार्यक्रम से एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और संक्रमितों के प्रति समाज में भेदभाव की भावना कम होगी।

## नदी पार हनुमान मंदिर में भक्ति और संस्कृति का हुआ विराट संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मनेन्द्रगढ़



अनवरत सामूहिक हनुमान चालीसा समिति के तत्वावधान में नदी पार हनुमान मंदिर का परिसर उस दिन भक्ति और संस्कृति के रंगों में पूरी तरह डूबा रहा। वातावरण में गूंज रहे मधुर भजन, सजीव प्रस्तुतियां और भक्तों का उल्लास ऐसा दृश्य उपस्थित कर रहे थे मानो पूरा नगर एक साथ आध्यात्मिक उत्सव मना रहा हो। भव्य कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ से हुआ।

सैकड़ों श्रद्धालुओं ने एक स्वर में चालीसा का पाठ कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया, इसके बाद लगातार गूंजते रहे कृष्ण भजन, इनमें महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सभी झूमते नजर आए। कार्यक्रम का सबसे मनमोहक क्षण वह था, जब नन्हीं बालिकाएं सुहानी सोनी और मोना साहू राधा और कृष्ण के रूप में मंच पर आईं। उनका श्रृंगार इतना अलौकिक था कि हर कोई मंत्रमुग्ध हो गया। जब दोनों ने नृत्य प्रस्तुत किया तो ऐसा प्रतीत हुआ मानो साक्षात राधा-कृष्ण ही भक्तों के बीच अवतरित हो गए हों। संयोजक डॉ. रश्मि सोनकर ने बताया कि इस आयोजन का मूल उद्देश्य समाज को जोड़ना और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवित रखना है। इसी कड़ी में आयोजित यशोदा मैया प्रतियोगिता ने विशेष आकर्षण बटोरा। महिलाएं यशोदा माता का रूप धारण कर मंच पर उतरीं और मातृत्व की छवि को जीवंत कर दिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पिंकी विश्वकर्मा, द्वितीय रेशमा सैलजा अग्रवाल, नीलम सोनी तृतीय शीला सिंह, आरती शिवहरे रही, वहीं जज की भूमिका बबीता सिंह और अनुपम निशि ने निभाई। पूरे आयोजन में महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही। पूजा पटेल, प्रीति सोनी, मीरा यादव, रोशनी मिश्रा, शीला उरांव, रात्रि श्रीवास्तव, पिंकी जायसवाल, सरिता पांडे, प्रियंका राय, सोनी सिंह, ममता नामदेव समेत काफी संख्या में महिलाओं ने सक्रिय योगदान दिया। देर रात तक मंदिर परिसर भक्ति रस में सराबोर रहा। भजनों की मधुर स्वर-लहरियों और नृत्यों ने भक्तों को ऐसा अनुभव दिया मानो यह स्थल केवल पूजा का नहीं, बल्कि सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक एकता का भी केन्द्र बन गया हो।

### श्रीमद् भागवत कथा के समापन में भव्य भंडारे का आयोजन



चरचा कॉलरी। कोयलांचल क्षेत्र के चरचा कॉलरी के हनुमान मंदिर प्रांगण में श्रीमद भागवत कथा का भव्य आयोजन किया गया, जो 14 अगस्त से 20 अगस्त तक चलता रहा। इस आयोजन की शुरूआत 14 अगस्त को कलश यात्रा के साथ हुई, इसमें सैकड़ों श्रद्धालु महिलाएं शामिल हुई, जो निरंतर एक सप्ताह लगातार संध्या में श्रीमद् भागवत कथा चलता रहा, इसके पश्चात बुधवार की शाम भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जहां चरचा क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। हनुमान मंदिर सेवा समिति सर्व हिन्दू समाज चरचा द्वारा इस भव्य आयोजन किया गया। आयोजन में शोभा यात्रा, मंडप प्रवेश, देव पूजन, श्रीमद् भागवत महापुराण बैठकी का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन धार्मिक महत्व का है और यह लोगों को धार्मिक और आध्यात्मिक मूल्यों के बारे में जागरूक करता है। यह आयोजन लोगों को एक साथ लाने और सामाजिक एकता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन में विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें श्रद्धालुओं को भाग लेने का अवसर मिला। इस आयोजन के माध्यम से लोगों को धार्मिक और आध्यात्मिक ज्ञान की प्राप्ति हुई और समाज में एकता और सौहार्द का वातावरण देखने को मिला। आयोजन के दौरान श्रीमद् भागवत कथा का वाचन बालकृष्ण शास्त्री ने किया। इसमें श्रद्धालुओं को धार्मिक और आध्यात्मिक ज्ञान की प्राप्ति हुई। आयोजन में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। इसमें श्रद्धालुओं को भाग लेने का अवसर मिला। आयोजन का उद्देश्य लोगों को धार्मिक और आध्यात्मिक ज्ञान की प्राप्ति कराना था।

### खबर संक्षेप

#### आबकारी विभाग ने जब्त की अवैध शराब



बैकुण्ठपुर। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देश पर कोरिया आबकारी विभाग ने अवैध शराब तस्करी पर बड़ी कार्रवाई की है। ग्राम सलका, पोड़ी बचरा, सलका और नटवाही सहित कई स्थानों पर दबिश देकर आबकारी टीम ने 231 पाव गोवा व्हिस्की बरामद की। इस दौरान गोकुल बनसोर, रामविकास, नरेश, राजेश गुप्ता, जीवन सिंह और आशा सिंह सहित छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। सभी केखिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34 के तहत न्यायालय में प्रकरण दर्ज किया गया है। जिला आबकारी अधिकारी रमेश कुमार अग्रवाल ने जानकारी दी है कि कार्रवाई में उपनिरीक्षक, आरक्षक और नगर सैनिकों की टीम शामिल रही। छग राज्य में 5 लीटर से अधिक अवैध मदिरा रखने पर 1 से 3 वर्ष की जेल और 25,000 से 1,00,000 तक जुर्माना तथा पुनरावृत्ति पर 2 से 5 वर्ष की जेल और 50,000 से 2,00,000 तक जुर्माने का प्रावधान है।

#### राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता




बैकुण्ठपुर। राष्टीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या बैकुंठपुर के ऑडिटोरियम में हुआ। कार्यक्रम विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवेश जायसवाल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में हाई/हायर सेकेंडरी स्तर पर कुमारी निकी (कोरिया कालरी) प्रथम, कु. जुगुन (भखार) द्वितीय एवं कुमारी अंजली प्रधान (कटकोना) तृतीय रहीं। वहीं माध्यमिक स्तर पर कुमारी आसू बंजारे (कन्या बैकुंठपुर) प्रथम, जतिन कुमार (सरडी) द्वितीय तथा कुमारी मनीषा विश्वकर्मा (बिशुनपुर) तृतीय स्थान पर रहीं। विजयी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल में एके गुप्ता, पुष्पा सिंह, श्वेता यादव एवं रितु टी. वर्मा शामिल रहीं। संचालन में सुरेन्द्र कुमार राजवाड़े व संजय यादव का सहयोग रहा।

#### आम जनता का स्वास्थ्य जनप्रतिनिधियों की प्राथमिकता



मनेन्द्रगढ़। नगर के जनप्रतिनिधि इन दिनों केवल विकास की बात नहीं कर रहे, बल्कि शहरवासियों के स्वास्थ्य को अपनी सबसे बड़ी जिम्मेदारी मानकर काम कर रहे हैं। गुरूवार को नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिमा सरजू यादव, सीएमओ इशहाक खान और जल विभाग के सभापति दयाशंकर यादव ने स्वयं फिल्टर प्लांट पहुंचकर सफाई अभियान की अगुवाई की। इस अवसर पर अध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि मनेन्द्रगढ़ की जनता हमारा परिवार है। परिवार को जैसा शुद्ध और सुरक्षित पानी हम अपने घर में देना चाहते हैं।

## केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं का क्रियान्वयन देखने जिला पहुंची राष्ट्रीय टीम



बैकुण्ठपुर। कोरिया जिले में केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन का जायजा लेने दिल्ली से आए दो सदस्यीय राष्ट्रीय पर्यवेक्षण दल ने दस दिन तक जिले का भ्रमण किया। इस दौरान टीम ने दर्जनभर ग्राम पंचायतों का दौरा कर योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से संवाद किया और निर्माण कार्यों, संसाधनों व दस्तावेजों की गहन जांच की। नेशनल लेवल मॉनिटर दल में सरवर हुसैन नकवी और पंकज सोलंकी शामिल रहे। उन्होंने 12 अगस्त को जिला पंचायत सभागार में परिचय बैठक की थी और आज अपने अनुभव व सुझाव पीपीटी के माध्यम से साझा किए। पर्यवेक्षण दल ने कहा कि जिले में अधिकांश योजनाओं का क्रियान्वयन दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जा रहा है और लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंच रहा है। उन्होंने पेंशन योजनाओं में ऑनलाइन डाटा अपडेट, आवास निर्माण में गुणवत्ता सुधार और महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान देने का सुझाव दिया। साथ ही ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों को अधिक प्रशिक्षण देने पर बल दिया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि राष्ट्रीय दल से मिले सुझावों पर शीघ्र कार्ययोजना बनाकर अमल किया जाएगा।

## बालिका सुरक्षा पर विशेष अभियान- कोरिया में बच्चों को दी जा रही कानूनी अधिकार की जानकारी




बैकुण्ठपुर। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बालिकाओं की सुरक्षा और संरक्षण को लेकर जिले में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। यह अभियान 14 अगस्त से 15 सितंबर तक जिले के सभी विद्यालयों में संचालित होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य बाल विवाह, बाल श्रम, शोषण और हिंसा जैसी घटनाओं पर रोक लगाते हुए बच्चों को उनके कानूनी अधिकार और आत्मरक्षा से अवगत कराना है। इसी कड़ी में विकासखंड बैकुंठपुर के शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं को पॉक्सो एक्ट, बाल अधिकार, बाल विवाह, बाल श्रम, बाल मनोविज्ञान से जुड़ी जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को हेल्पलाइन नंबर 1098, 181 और 112 के बारे में विस्तार से समझाया गया, ताकि किसी भी आपात स्थिति में वे तुरंत मदद ले सकें। साथ ही यह भी बताया गया कि यदि कोई व्यक्ति गलत तरीके से छूता है, पीछा करता है, रास्ता रोकता है या अशोभनीय इशारे करता है, तो यह कानूनी अपराध है। सत्र के दौरान बालिकाओं को आत्मरक्षा के महत्व, समाज और परिवार में सतर्क रहने के उपाय तथा अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने की सीख दी गई। विशेषज्ञों ने समझाया कि बालिकाओं का विवाह 18 वर्ष से पहले न किया जाए, क्योंकि यह उनकी शिक्षा और भविष्य दोनों के लिए हानिकारक है।

## कोरिया कालरी तालाब की सफाई शुरू, वार्ड पार्षद ने की पहल



कोरिया कॉलरी। क्षेत्र का पांच एकड़ में फैला ऐतिहासिक तालाब, जो अब तक जलकुंभी और सिंघाड़े की लताओं से जकड़ा हुआ था, अंततः अपनी सुंदरता लौटाने की ओर बढ़ रहा है। इस तालाब की खासियत यह है कि इसके बीचों-बीच एक टापू स्थित है, जहां प्रतिवर्ष रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। यह आयोजन न केवल जिले बल्कि पूरे छग में अपनी अलग पहचान रखता है। तालाब की लगातार बिगड़ती स्थिति को देखते हुए वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद संदीप सोनवानी आगे आए। उन्होंने नगर पालिक निगम चिरमिरी के आयुक्त को पत्र लिखकर तालाब की व्यवस्थित सफाई की मांग रखी। मांग पर त्वरित संज्ञान लेते हुए आयुक्त ने सफाई विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को दिशा-निर्देश जारी किए, इसके बाद तालाब की सफाई का कार्य युद्धस्तर पर प्रारंभ कर दिया गया। पार्षद संदीप सोनवानी ने बताया कि तालाब बहुत बड़ा है और जलकुंभी तथा अन्य गंदगी से पूरी तरह भर गया है। इसकी सफाई एक दिन में संभव नहीं है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### एनएचएम कर्मियों की...

यह सरकार की नाकामी है। एनएचएम कर्मचारियों की मांगे उचित हैं और कांग्रेस पार्टी हर कदम पर इनके साथ खड़ी है। धरना स्थल पर मौजूद कर्मचारियों ने भी साफ कहा कि जब तक उनकी 10 सूत्रीय मांगों को स्वीकार नहीं किया जाता, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। कर्मचारियों ने दोहराया कि स्वास्थ्य सेवाएं उनके कठिन परिश्रम से चलती हैं, लेकिन सरकार उनकी समस्याओं की लगातार अनदेखी कर रही है।

### कोटपा के...

दौरान पान व किराना दुकानों पर बिना चेतावनी चिन्ह के तंबाकू उत्पाद बिकते पाए, जो कि कोटपा अधिनियम की धारा 4 एवं 6 का उल्लंघन है। कार्रवाई के अंतर्गत कुल 12 चालान काटे गए और 1850 रूपए की वसूली की गई। इस अवसर पर दुकानदारों एवं ग्राहकों को अधिनियम के प्रावधानों से अवगत कराते हुए यह चेतावनी भी दी गई कि भविष्य में प्रतिबंधित पदार्थों की बिक्री पाए जाने पर और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अभियान का उद्देश्य शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों को तंबाकू मुक्त बनाना तथा तंबाकू सेवन से होने वाले स्वास्थ्य दुष्प्रभावों से जनता को बचाना है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि तंबाकू नियंत्रण कानून का सख्ती से पालन कराया जाएगा और नियमित रूप से ऐसी जांच एवं चालानी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### मनेन्द्रगढ़ में बनेगा...

दूरदर्शी नीति और जनहित के प्रति समर्पण का प्रमाण है। कांग्रेस शासनकाल में जहां स्वास्थ्य सेवाओं की अनदेखी हुई, वहीं भाजपा सरकार आने के बाद प्रदेशभर में अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों और स्वास्थ्य संस्थानों का जाल बिछाया जा रहा है।

### साइबर सुरक्षा और...

और अपने विचारों के माध्यम से डिजिटल सुरक्षा के प्रति अपनी समझ और दृष्टिकोण को प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता ने केवल बालिकाओं की जागरूकता का आकलन किया बल्कि उन्हें और अधिक संवेदनशील और सतर्क भी बनाया। इस पहल ने छात्राओं के आत्मविश्वास को मजबूत किया और साथ ही सुरक्षित एवं जिम्मेदार इंटरनेट उपयोग का स्पष्ट संदेश दिया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में जनसंपर्क विभाग की मासिक पत्रिका जनमन का वितरण भी किया गया। इस पत्रिका ने छात्राओं को शासन की विभिन्न योजनाओं, उपलब्धियों और जन कल्याणकारी गतिविधियों से अवगत कराया और उनके ज्ञान में वृद्धि की। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग एमसीबी की पूरी टीम सक्रिय रही। आईसीपीएस से संरक्षण अधिकारी सुश्री बिंदिया खलखो, चाइल्ड लाइन से सुपरवाइजर हिमांशु शिवहरे, मिशन शक्ति से श्रीमती अनीता कुमारी साह, सखी वन-स्टॉप सेंटर और साइबर सेल एमसीबी से पुष्कल सिन्हा सहित थाना स्टाफ एवं अन्य अधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

### जनजातीय अंचल में...

अभियान के संचालन के लिए ग्राम स्तर पर एनजीओ, स्वयंसेवी, पंचायत प्रतिनिधि, युवा एवं सेवाभावी संगठन तैयार किए जाएंगे। ये कैडर पेंशन, आधार कार्ड, श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आवास, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार जैसी बुनियादी सुविधाओं से संबंधित करीब 25 योजनाओं के क्रियान्वयन तथा ग्राम विकास की योजना निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कलेक्टर ने बताया कि उत्तरदायी शासन यानी जिम्मेदार शासन या जवाबदेह शासन के तहत यह अभियान चलाया जाएगा। ऐसी व्यवस्था, जिसमें सरकार अपने कार्यों के लिए जनता या जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों के प्रति उत्तरदायी (जवाबदेह) होती है।

## महिला एवं बाल विकास की समीक्षा बैठक में कलेक्टर के सख्त निर्देश



मनेन्द्रगढ़। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी की अध्यक्षता में महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारियों, क्षेत्रीय पर्यवेक्षकों, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा उनके अधीनस्थ विकासखंड स्तरीय अमले की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आंगनबाड़ी केन्द्रों के जर्जर एवं मरम्मत योग्य भवनों की जानकारी यथाशीघ्र तीन दिवस के भीतर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए उनका नियमित पंजीयन करने पर बल दिया गया। कलेक्टर ने भरतपुर क्षेत्र के ग्राम मट्टा, (हर्री) बेनिपुरा, मेहदौली तथा नौढ़िया में 60 लाख रूपए की लागत से निर्मित चार भवनों की जानकारी दी तथा बताया कि इनका उपयोग आवश्यकता अनुसार किसी भी विभागीय कार्यों एवं गतिविधियों के लिए किया जा सकता है। वहीं स्वास्थ्य विभाग के अमले को चिरमिरी नगर निगम क्षेत्र में 10 बिस्तर क्षमता वाले एनआरसी की स्थापना के प्रस्ताव के लिए स्मरण पत्र जारी करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अब से प्रत्येक त्रैमास में अति कुपोषित एवं मध्यम कुपोषित बच्चों की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.)**
**//उद्घोषणा//**

सर्व साधारण ग्राम जुनापारा तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.) की आम जनता को इस ईश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदक सतीश कुमार माझी पिता लक्ष्मण प्रसाद काशी जाति केवट निवासी महलपारा बैकुण्ठपुर तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.) द्वारा ग्राम जुनापारा स्थित स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि ख.न. 7/3 रकबा 0.0200 हे. भूमि जो राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक उक्त दर्शित भूमि के रकबा 0.020 हे. भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तित कराना चाहता है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, खसरा, बी-1, नक्शा सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भू-व्यपवर्तन में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 05/09/2025 को 11.00 बजे तक आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 20/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा के अधीन जारी।

सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन)
एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बैकुण्ठपुर जिला कोरिया










